# <u>जनपद बाराबंकी</u>

**प्रेसनोट सं0-18,** **दिनांक-04.06.2025**

थाना देवा पुलिस द्वारा चोरी की घटना का किया गया सफल अनावरण कर एक अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन, ब्लूटूथ व घड़ी एवं तमंचा बरामद-

पुलिस अधीक्षक बाराबंकी श्री अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में समस्त थाना प्रभारियों द्वारा जनपद में चोरी की घटनाओं पर रोकथाम लगाने व चोरी की घटनाओं में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाकर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना देवा पुलिस टीम द्वारा मैनुअल इंटेलीजेन्स के आधार पर आज दिनांक 04.06.2025 को अभियुक्त जसीम अहमद पुत्र सिराज अहमद निवासी ग्राम असहियापुर थाना कैसरगंज जनपद बहराइच, हालपता- ग्राम रुकनापुर थाना फखरपुर जनपद बहराइच को देवा-फतेहपुर रोड पर कल्याणी नदी पुल के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से चोरी की 1. 01 अदद बुलेट मोटरसाइकिल नं0- MH04LL-0021, 2. 01 अदद मोबाइल फोन, 3. 01 अदद ब्लूटूथ, 4. 01 अदद घड़ी, 5. 01 अदद तमंचा मय 01 अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर बरामद किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना देवा पर मु0अ0सं0 318/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। चोरी की घटना के सम्बन्ध में थाना देवा पर मु0अ0सं0 261/2025 धारा- 305ए/331(4)/317(2) बीएनएस पंजीकृत है।

पूछताछ एवं जांच से प्रकाश में आया कि अभियुक्त द्वारा लगभग 01 माह पूर्व ग्राम खेवली थाना देवा में चोरी की घटना कारित की गई थी। अभियुक्त द्वारा बताया गया कि ग्राम खेवली में उसकी बुआ-फूफा का घर है, जिनकी मृत्यु काफी पहले हो गई थी, अब उनके बेटे हैं, जो मुम्बई में रहकर काम करते हैं तथा बारी-बारी से घर (खेवली) आते रहते हैं। करीब 01 माह पूर्व उसकी बुआ का बेटा मुम्बई से बुलेट लेकर आया था, जिस पर अभियुक्त की नियत खराब हो गई थी और उसने उसे चोरी करने की योजना बनाई। चूंकि अभियुक्त की ग्राम खेवली में रिश्तेदारी होने के कारण उसे रास्तों व घर की भौगोलिक स्थिति की जानकारी थी। योजनानुसार दिनांक 28.04.2025 की रात्रि में अभियुक्त अपने घर से ग्राम खेवली आकर दीवाल के सहारे अपनी बुआ के घर में घुस गया एवं कमरे में रखी बुलेट की चाभी, ब्लूटूथ, घड़ी, मोबाइल, पर्स व घर के बाहर बनी दुकान की चाभी चुराकर घर को बाहर से बन्द कर दिया एवं दुकान का शटर खोल कर बुलेट को चोरी कर लिया गया था।

**<u>नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त-</u>**

जसीम अहमद पुत्र सिराज अहमद निवासी ग्राम असहियापुर थाना कैसरगंज जनपद बहराइच, हालपता- ग्राम रुकनापुर थाना फखरपुर जनपद बहराइच

**<u>बरामदगी-</u>**

1. 01 अदद बुलेट मोटरसाइकिल नं0-MH04LL-0021
2. 01 अदद मोबाइल फोन
3. 01 अदद ब्लूटूथ

4. 01 अदद घड़ी
5. 01 अदद तमंचा .315 बोर
6. 01 अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर

**<u>आपराधिक इतिहास</u>**

1. मु0अ0सं0 290/2024 धारा 305/317(2)/331(4) बीएनएस थाना फखरपुर जनपद बहराइच
2. मु0अ0सं0 337/2024 धारा 305/317(2)/331(4) बीएनएस थाना फखरपुर जनपद बहराइच

**<u>अनावरित अभियोग-</u>**

1. मु0अ0सं0 261/2025 धारा- 305ए/331)4)/317(2) बीएनएस थाना देवा जनपद बाराबंकी

**<u>पुलिस टीम-</u>**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री अजय कुमार त्रिपाठी थाना देवा जनपद बाराबंकी
2. उ0नि0 श्री अखिलेश प्रजापति, उ0नि0 शैलेन्द्र यादव थाना देवा जनपद बाराबंकी
3. हे0का0 रामरतन, का0 सुशील कुमार थाना देवा जनपद बाराबंकी